मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक ......................

नाम ......................

932 **825(GH)**

**2015**

# सामाजिक विज्ञान

केवल प्रश्नपत्र

( ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।





ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

## खण्ड - क

( बहुविकल्पीय प्रश्न )

निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. किस देश में पुनर्जागरण सर्वप्रथम प्रारम्भ हुआ ?
   (क) जर्मनी
   (ख) इंग्लैण्ड
   (ग) इटली
   (घ) फ्रांस। 1

2. इंग्लैण्ड की गौरवपूर्ण क्रान्ति किस राजा के समय में हुई ?
   (क) जेम्स प्रथम
   (ख) जेम्स द्वितीय
   (ग) चार्ल्स प्रथम
   (घ) हेनरी द्वितीय। 1





3. संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध में सम्मिलित होने का तात्कालिक कारण था
   (क) हिटलर द्वारा रूस पर आक्रमण
   (ख) नाजियों द्वारा पोलैण्ड पर आक्रमण
   (ग) जापान द्वारा पर्ल हार्बर पर आक्रमण
   (घ) इटली द्वारा अलबानिया पर आक्रमण। 1

4. आधुनिक भारत का निर्माता किसे माना जाता है ?
   (क) स्वामी विवेकानन्द को
   (ख) रामकृष्ण परमहंस को
   (ग) स्वामी दयानन्द सरस्वती को
   (घ) राजा राममोहन राय को। 1

5. राज्य का मुख्यमंत्री किसके प्रति उत्तरदायी होता है ?
   (क) राज्यपाल
   (ख) मंत्रिपरिषद
   (ग) विधान सभा
   (घ) विधान परिषद। 1

6. कौन-सा देश सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं है ?

(क) संयुक्त राज्य अमेरिका

(ख) जापान

(ग) फ्रांस

(घ) ग्रेट ब्रिटेन। 1

( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. फ्रांस की क्रान्ति से सम्बन्धित किन्हीं **दो** दार्शनिकों के नाम लिखिए। 1 + 1

8. लोक अदालतों की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 1 + 1

9. भारत में कुल कितने राज्य हैं ? हाल में ही नये बनाये गये राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। 1 + 1





( लघु उत्तरीय प्रश्न )

10. विधान परिषद की किन्हीं **दो** वित्तीय शक्तियों का उल्लेख कीजिए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

**अथवा**

भारत के राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

11. वित्त विधेयक क्या है ? यह साधारण विधेयकों से किस प्रकार भिन्न होता है ? 1 + 2

**अथवा**

उन विभिन्न साधनों का उल्लेख कीजिए जिनके द्वारा लोकसभा मंत्रिपरिषद पर नियंत्रण रखती है। 1 + 1 + 1

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. भारतीय नवजागरण में राजा राममोहन राय और स्वामी दयानन्द का क्या योगदान था ? इनके द्वारा स्थापित संस्थाओं के सिद्धान्त में क्या समानताएँ थीं ? 3 + 3

**अथवा**

भारत के स्वाधीनता आन्दोलन में सुभाष चन्द्र बोस के योगदान की विवेचना कीजिए। 6

13. भारत के उत्तरी तथा उत्तरी-पश्चिमी सीमा पर कौन-कौन से देश हैं ? भारत से उनके सम्बन्धों का वर्णन कीजिए। 2 + 4

**अथवा**

विश्व शान्ति के लिए गुटनिरपेक्षता क्यों आवश्यक है ? इसके महत्व का वर्णन उचित उदाहरणों सहित कीजिए। 3 + 3

**( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )**

*निर्देश* : निम्नलिखित स्थानों को भारत के मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं :

14. (i) वह स्थान जहाँ आनन्द भवन स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ भारत की राजधानी है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$





(iii) वह स्थान जो अपने गुफा चित्रों के लिए प्रसिद्ध है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज की स्थापना हुई। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ 1857 ई० की क्रान्ति का आरम्भ हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) आनन्द भवन किस नगर और राज्य में स्थित है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) भारत की राजधानी किस नगर और राज्य में स्थित है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) कौन-सा स्थान अपने गुफा चित्रों के लिए प्रसिद्ध है और वह किस राज्य में है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज की स्थापना किस नगर और किस राज्य में की गई थी ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) 1857 ई० की क्रान्ति का आरम्भ किस स्थान तथा राज्य में हुआ ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**खण्ड - ख**

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. आयकर किसके द्वारा लगाया जाता है ?

(क) राज्य सरकार

(ख) केन्द्र सरकार

(ग) नगर निगम

(घ) जिला पंचायत। 1





16. कंचनजंगा चोटी अवस्थित है

(क) जम्मू और कश्मीर में

(ख) उत्तराखण्ड में

(ग) सिक्किम में

(घ) हिमाचल प्रदेश में। 1

17. जनगणना, 2011 के अनुसार भारत का लिंगानुपात है

(क) 932

(ख) 943

(ग) 920

(घ) 948. 1

18. कपास की कृषि के लिए कौन मिट्टी सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(क) काली मिट्टी

(ख) लाल मिट्टी

(ग) जलोढ़ मिट्टी

(घ) लेटेराइट मिट्टी। 1

19. योजना आयोग की स्थापना कब हुई ?

(क) 1950

(ख) 1952

(ग) 1953

(घ) 1954. 1





20. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग कृषि आधारित नहीं है ?

(क) चीनी उद्योग

(ख) जूट उद्योग

(ग) सीमेन्ट उद्योग

(घ) सूती वस्त्र उद्योग। 1

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

21. कागज उद्योग के **दो** प्रमुख केन्द्रों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1

22. भारत के किन्हीं **दो** आयात तथा **दो** निर्यात वस्तुओं का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

23. भारतीय कृषि के पिछड़ेपन के **दो** कारणों की विवेचना कीजिए। 1 + 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. विकसित देशों की **तीन** विशेषताएँ लिखिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

विकासशील देशों की प्रमुख **तीन** समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

25. आर्थिक नियोजन के **तीन** उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

भारतीय रिजर्व बैंक के **तीन** कार्यों पर प्रकाश डालिए। 1 + 1 + 1

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. भारत के दक्षिणी पठारी भाग का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए : 2 + 2 + 2

(अ) स्थिति एवं विस्तार

(ब) जलप्रवाह

(स) खनिज।

**अथवा**





निम्नलिखित शीर्षकों में भारत में मानसूनी वर्षा का वर्णन कीजिए : 3 + 3

(अ) वायु की दिशा

(ब) वर्षा का वितरण।

27. कृषि निविष्टियों से क्या तात्पर्य है ? किन्हीं **पाँच** कृषि निविष्टियों का महत्व बताइए। 1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

भारतीय उद्योगों की निम्न उत्पादकता के तीन कारणों का वर्णन कीजिए तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए तीन सुझाव दीजिए। 3 + 3

## ( मानचित्र कार्य )

**निर्देश** : निर्म्नलिखित को दिये गये भारत के मानचित्र में दर्शाइए :

28. (i) नन्दा देवी चोटी ▲ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) काली मिट्टी का क्षेत्र ▨ चिह्न द्वारा। 1

(iii) चिल्का झील ○ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) अहमदाबाद नगर ● चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) जास्कर श्रेणी /\/\ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$





## ( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

**निर्देश** : निर्म्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) नन्दा देवी चोटी किस राज्य में स्थित है ? 1

(ii) काली मिट्टी वाले **एक** राज्य का नाम लिखिए। 1

(iii) चिल्का झील किस राज्य में स्थित है ? 1

(iv) अहमदाबाद नगर किस राज्य में स्थित है ? 1

(v) माउण्ट आबू किस राज्य में स्थित है ? 1